# मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **झारखंड** के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार जल्द ही **महिलाओं को वित्तीय सहायता योजना में नामांकित करने के लिये ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित करेगी,** जिसके तहत उन्हें **1,000 रुपए प्रति माह** दिये जाएंगे।

## प्रमुख बिंदु:

- यह घोषणा **साहिबगंज ज़िले** के राजमहल में 88 करोड़ रुपए की लागत की **विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास** करते हुए की गई।
- **'आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम** शीघ्र ही पुनः प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें **राज्य सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन** करने वाले परिवारों **की 21 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम आयु की पात्र महिलाओं को 1,000 रुपए की धनराशि देगी।**
    - इस **योजना के दायरे में करीब 40 लाख महिलाएँ आएंगी** और उन्हें योजना का लाभ मिलेगा।
    - इस योजना का नाम बदलकर **मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना** रखा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-behan-beti-swavlamban-protsahan-yojana